अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

190/2021/222 रामप्यारी V/s हनुमान

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय हस्ताक्षर	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील जारी हुए
	2021/190	
पेशी	श्री निरंजन पारीक AD श्री R-1 स्वयं उपस्थित श्री कन्हैयालाल माली-1	

रामप्यारी बनाम हनुमान वगैरह (190 / 2021)

23/8/22

यह पत्रावली अभिभाषक अपीलांट श्री निरंजन पारीक व अभिभाषक रेस्पोडेन्ट संख्या 01 श्री कन्हैया लाल माली ने प्रार्थना–पत्र बाबत् राजीनामा रिकार्ड पर लिया जाकर विड्रो किये जाने बाबत् पेश करने पर तलब की गई। अभिभाषक अपीलांट व रेस्पोडेन्ट संख्या 01 एवं अपीलांट स्वयं व रेस्पोडेन्ट संख्या 01, 03 स्वयं ने उपस्थित होकर कथन किया कि पक्षकारान में मध्य आपसी राजीनामा हुआ है वह इस प्रकार है कि विवादित आराजीयात जो विभिन्न खसरा नम्बरान वाकै ग्राम मौजमाबाद तहसील मौजमाबाद के बाबत् अपील विरूद्ध निर्णय व डिक्री दिनांक 26.04.2005 के माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत अपील के बाबत् विवाद का निपटारा कर लिया है अब भविष्य में उक्त आराजीयात से किसी प्रकार की कोई सम्बन्ध एवं सरोकार अपीलार्थी का नही रहेगा तथा समस्त हक व अधिकार रेस्पोडेन्ट संख्या 01 व 04 में समाहित रहेगे तथा किसी भी प्रकार की किसी भी न्यायालय में एवं किसी विभाग में किसी प्रकार से कोई कार्यवाही अपीलार्थी स्वयं के द्वारा एवं परिजनो के एवं वारिसान के द्वारा नहीं की जावेगी तथा किसी प्रकार का कोई वाद विवाद आज दिवस के पश्चात शेष नहीं रहा है जो प्रार्थना–पत्र राजीनामा एवं विड्रो में मै अपीलार्थी स्वीकार करती हूँ किसी भी प्रकार की पश्चातवर्ती कार्यवाही स्वतः शून्य निष्प्रभावी एवं झूठी मानी जावेगी। उक्त आराजीयात के बाबत् समस्त अधिकार रेस्पोडेन्ट में ही समाहित है जिसकी स्वीकृति एवं सहमति भी मै अपीलार्थी प्रदान करती हूँ तथा अपीलार्थीया की नहीं रहेगी तथा न ही भविष्य में उक्त आराजीयात को लेकर वाद विवाद अपीलार्थीया के द्वारा किया जायेगा। उक्त राजीनामा से अपीलार्थीया एवं उसके वारिसान बाध्य एवं पाबंद रहेगें।

माननीय न्यायालय से अनुरोध है कि राजीनामा को रिकार्ड पर लिया जाकर प्रार्थना–पत्र अनुसार प्रकरण का निस्तारण किया जाकर अपील विड्रो किये जाने के आदेश प्रदान करावें।

अभिभाषक अपीलांट एवं अभिभाषक रेस्पोडेन्ट संख्या 01 के द्वारा की गई वहस पर मनन किया गया एवं प्रस्तुत राजीनामा व अपील का अवलोकन किया गया। बाद अवलोकन अपीलांट स्वयं एवं रेस्पोडेन्ट संख्या 01 व 03 ने अपने आधार कार्ड की प्रति स्वयं हस्ताक्षर की प्ररतुत की तथा प्रार्थना की कि विवादित आराजी बाबत् आपसी समझाईज से राजीनामा हो चुका हे। अपीलांट ने स्वयं ने निवेदन किया कि अपील राजीनामा हो जाने से अपील विड्रो की अनुमति दी जावें। पक्षकारान के आपसी राजीनामा हो जाने अपील विड्रो में खारिज करना उचित समझते है।

अतः अपील अपीलांट राजीनामा हो जाने से विड्रो में खारिज की जाती है। राजीनामा मूल पत्रावली रिकार्ड पर रखा जावें। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।

(हस्ताक्षर)
राजस्व अपील प्राधिकारी
अजमेर

अपीलांट
हनुमान
निरंजन AD
कन्हैयालाल R4